दैनिक भास्कर 12/04/2023

# ग्राफिक डिजाइन प्रतियोगिता में आक्षी प्रथम



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग ने ग्राफिक डिजाइन प्रतियोगिता कराई गई। प्रो. सोनम साहू की देखरेख में प्रतियोगिता शुरू हुई। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. सीमा कंसल ने विद्यार्थियों को भविष्य में इसी तरह की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए कहा। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार आक्षी बीए प्रथम वर्ष, दूसरा पुरस्कार आशी बीए प्रथम वर्ष और तीसरा पुरस्कार भूमि बीए प्रथम वर्ष को दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. चंद्रपाल पुनिया, प्रो. पारुल और डॉ. शिवानी धवन उपस्थित रहे।